web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 17 फरवरी 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 141

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मालगाड़ियों की आमने-सामने टक्कर, लखनऊ-वाराणसी मार्ग प्रभावित

**सुल्तानपुर (आरएनएस)।** सुल्तानपुर जंक्शन के पास गुरुवार तडक़े दो मालगाडिय़ों की आमने-सामने टक्कर हो गई। मालगाड़ी का चालक घायल हो गया, जबकि छह डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे के कारण लखनऊ-वाराणसी मार्ग बाधित हो गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, सुल्तानपुर जंक्शन के दक्षिणी केबिन के पास एक ही ट्रैक पर दो मालगाडिय़ों के आ जाने से यह हादसा हुआ। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और ट्रैक को साफ करने का काम जारी है। सूत्रों ने बताया कि दोनों मालगाड़ी के इंजन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इस घटना के बाद लखनऊ और वाराणसी तथा अयोध्या-प्रयागराज रेल मार्ग बाधित हो गया है।

### वाराणसी जंक्शन पर ट्रेन में महिला ने दिया बच्चे को जन्म

**वाराणसी (आरएनएस)।** फरक्का एक्सप्रेस में यात्रा कर रही एक महिला ने वाराणसी जंक्शन पर कोच में एक बच्चे को जन्म दिया। स्लीपर कोच (एस-3) की बर्थ नंबर 71 पर सफर कर रही 38 वर्षीय महिला यात्री को बुधवार को तेज प्रसव पीड़ा शुरू हुई। उसने अपने मोबाइल के माध्यम से मदद के लिए अनुरोध करते हुए रेलवे अधिकारियों को अपनी समस्या बताई। ट्रेन के आने से पहले ही उत्तर पूर्व रेलवे के मंडलीय अस्पताल की मेडिकल टीम वाराणसी जंक्शन पहुंच गई। टीम ने केबिन को खाली कराकर पर्दे से ढक दिया और महिला को आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं के साथ सुरक्षित प्रसव कराया और उसे आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराई। जच्चा-बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं।

### जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर हादसे में ट्रक चालक की मौत

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर एक ट्रक के खाई में गिर जाने से ट्रक चालक की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि रामबन जिले के पंथ्याल इलाके में एक ट्रक चालक के नियंत्रण से बाहर हो गया और खाई में गिर गया। अधिकारियों ने कहा, ट्रक के चालक की पहचान तरनतारन पंजाब के शमशेर सिंह के रूप में हुई है।

### त्रिपुरा विस चुनाव : 81 फीसदी से अधिक हुई वोटिंग

**अगरतला (आरएनएस)।** चुनाव अधिकारियों ने कहा कि त्रिपुरा में गुरुवार को भारी सुरक्षा के बीच 28.14 लाख मतदाताओं में से 81 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने शाम चार बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 2013 और 2018 के विधानसभा चुनावों में क्रमश: 91.82 प्रतिशत और 89.38 प्रतिशत मतदान हुआ था। चुनाव अधिकारी ने कहा कि ,शाम 4 बजे आधिकारिक रूप से मतदान समाप्त होने के बाद भी राज्य भर के कई मतदान केंद्रों पर एक लाख से अधिक मतदाता कतार में हैं। अंतिम मतदान प्रतिशत 86 प्रतिशत को पार कर सकता है। विभिन्न जिलों से राजनीतिक कार्यकर्ताओं पर हमले, मतदाताओं को डराने-धमकाने और बाधित करने की कई घटनाएं सामने आई हैं। गोमती, सिपाहीजला, दक्षिण त्रिपुरा और पश्चिम त्रिपुरा जिलों में कम से कम 60 विपक्षी दल के कार्यकर्ताओं के घायल होने की सूचना मिली।

### करहां में पिता-पुत्र की एक साथ उठी अर्थी

**करहां (आरएनएस)।** मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली अंतर्गत रसूलपुर करहां में पिता-पुत्र की एक साथ अर्थी उठने से पूरा क्षेत्र मर्माहत एवं ग़मज़दा है। परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि बाजार निवासी राजेन्द्र विश्वकर्मा उम्र 55 वर्ष जो कि एक प्राइवेट विद्यालय में प्रधानाचार्य थे उनका बुधवार रात्रि बाइक की चपेट में आने से मृत्यु हो गयी। वह अपने बीमार पिता की दवा हेतु करहां बाजार के एक निजी चिकित्सालय में पैदल ही जा रहे थे कि दो तेज गति से मुहम्मदाबाद की तरफ से आ रहे बाइक सवारों ने पीछे से टक्कर मार दी। मौके पर पहुँचे लोगों ने उन्हें उठाकर बाजार स्थित प्रमोद निदान केंद्र में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान तडक़े उनकी मृत्यु हो गयी। पुलिस ने पहुँचकर औपचारिकताएं पूरी कर शव को पोस्टमार्टम हाउस मऊ भेजवाया। अभी बाइक की टक्कर से मृत राजेन्द्र विश्वकर्मा का पोस्टमार्टम हो रहा था कि उनके बुजुर्ग पिता रामाधार विश्वकर्मा 85 वर्ष ने भी दम तोड़ दिया। पुत्र की अचानक हुई मृत्यु का सदमा बुजुर्ग पिता सह नही पाए। अंतत: पिता-पुत्र की एक साथ उठती अर्थी देखकर पूरे क्षेत्र की आँखें नम हो गई।

## गुजरात में भीषण सड़क हादसा, जीप और ट्रक के बीच टक्कर में 7 लोगों की दर्दनाक मौत

**पाटन (आरएनएस)।** गुजरात के पाटन जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां वरही में एक भीषण सडक़ हादसा हुआ है, जिसमें 7 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि यह हादसा उस समय हुआ जब एक जीप ट्रक में जा घुसी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला दर्ज कर लिया गया है और हादसे की जांच की जा रही है।



यह सडक़ हादसा राधनपुर के पास हुआ है। यहां राधनपुर वाराही हाईवे पर मोटी पीपणी के नजदीक राजस्थान के मजदूरों को ले जा रही जीप का टायर फट गया और जीप वहां रोड पर खड़े ट्रक के साथ टकरा गई। जिससे उसमें बैठे 7 लोगों की मौत हो गई हैं और कई लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया।

पुलिस उपाधीक्षक के के पांड्या ने बताया कि पहिये का टायर फटने के कारण चालक ने नियंत्रण खो दिया और जीप एक खड़े ट्रक से जा टकराई। उन्होंने कहा कि जीप में कुल 15 यात्री सवार थे। पुलिस अधिकारी ने कहा कि जीप वाराही गांव जा रही थी।

पांड्या ने कहा कि घायल लोगों को राधनपुर और पाटन स्थित विभिन्न अस्पतालों के लिए रेफर किया गया है। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने पर भारतीय दंड संहिता और मोटर वाहन कानून की उचित धाराओं के तहत दोनों वाहन चालकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

पुलिस द्वारा सडक़ हादसे में घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां कुछ की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है।

### स्कार्पियो और बोलेरो की टक्कर में 5 बारातियों की मौत

**बांदा (आरएनएस)।** यूपी के बांदा जनपद में गुरुवार तडक़े भीषण सडक़ हादसा हुआ। यहां तिंदवारी-पपरेंदा मार्ग पर शादी समारोह से लौट रही तेज रफ्तार बोलेरो और स्कॉर्पियो में टक्कर हो गई। इस हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 7 लोग घायल हुए हैं। घायलों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। मारने वालों में निवाइच निवासी कुलदीप पुत्र शिवचरण, छोटू उर्फ अनुज पुत्र राजा, कल्लू पुत्र पंकज पांडे, उमेश पुत्र बाबू निवासी पिपहरी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पंकज पुत्र रामनरेश निवासी पिपहरी, छम्मू पुत्र मुन्नू निवासी पिपरहरी, सौरभ पुत्र धीरेंद्र निवासी निवाइच, संजीव पुत्र सीताराम निवासी निवाइच, साहिल पुत्र अंगद निवासी निवाइच और दो अज्ञात गंभीर रूप से घायल हैं। जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ठग सुकेश चंद्रशेखर को ईडी ने किया गिरफ्तार, 9 दिन की हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ठग सुकेश चंद्रशेखर को रेलिगेयर के पूर्व प्रमोटर मलविंदर सिंह की पत्नी जपना को ठगने से जुड़े धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के एक नए मामले में गिरफ्तार किया है। दिल्ली की एक अदालत ने उसे ईडी हिरासत में भेज दिया है।



चंद्रशेखर ने कथित रूप से जपना को 3.5 करोड़ रुपये की ठगी की थी और वादा किया था कि वह उस पैसे का इस्तेमाल उसके पति को जेल से बाहर निकालने के लिए करेगा, जो रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड (आरएफएल) मामले में धन की कथित हेराफेरी के सिलसिले में जेल में बंद है।

आरोप है कि चंद्रशेखर ने मालविंदर के भाई शिविंदर सिंह की पत्नी अदिति के साथ भी कथित तौर पर धोखाधड़ी की थी। अदिति और जपना को सुकेश ने खुद को केंद्रीय कानून मंत्रालय के एक अधिकारी के रूप में प्रस्तुत किया था और यह सुनिश्चित करते हुए कि वह उनके पतियों के लिए जमानत सुरक्षित करेगा। लेकिन उसने कई करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की।

मलविंदर और शिविंदर सिंह को दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने 2019 में गिरफ्तार किया था। भाइयों को कथित रूप से पैसे की हेराफेरी करने और 2,397 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

## कई देशों के आर्थिक संकट के बीच वर्ल्ड बैंक के प्रमुख ने की इस्तीफे की घोषणा

**संयुक्त राष्ट्र।** डेविड मलपास ने घोषणा की है कि वह जलवायु परिवर्तन नीतियों को लेकर राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन के साथ अनबन के बाद विश्व बैंक के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह अपने पांच साल के कार्यकाल की समाप्ति से दस महीने पहले जून में अंतरराष्ट्रीय विकास संस्थान छोड़ देंगे।

गौरतलब है कि उन्होंने अपनी इस्तीफे की की घोषणा ऐसे समय की है, जब दुनिया भर के कई देश गंभीर वित्तीय समस्याओं का सामना कर रहे हैं। विश्व बैंक का प्रमुख नियुक्त करना, अमेरिकी राष्ट्रपति का विशेषाधिकार है। बाइडेन मलपास के उत्तराधिकारी की नियुक्ति करेंगे। मलपास पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के करीबी थे, जिन्हें 2019 में पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने यंग किम के पद छोडऩे के बाद इस पद पर नियुक्त किया था।

मलपास ने ट्रम्प के 2016 के चुनाव अभियान में काम किया था और विश्व बैंक में जाने से पहले अंतरराष्ट्रीय मामलों के ट्रेजरी अंडरसेक्रेटरी थे। बाइडेन की तुलना में वैचारिक रूप से ट्रम्प के करीब मलपास ने पिछले साल न्यूयॉर्क टाइम्स के एक कार्यक्रम में यह मानने से मना कर दिया था कि जलवायु परिवर्तन मानव निर्मित ग्रीनहाउस गैसों के परिणामस्वरूप हुआ। इस विषय पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, मैं वैज्ञानिक नहीं हूं। इस पर पूर्व उपराष्ट्रपति अल गोर समेत कई अन्य लोगों ने उनकी आलोचना की थी।

लेकिन कुछ दिनों बाद मलपास ने यू टर्न लेते हुए विश्व बैंक के कर्मचारियों को लिखा, यह स्पष्ट है कि मानव गतिविधियों से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन जलवायु परिवर्तन का कारण बन रहा है।

तेल और गैस परियोजनाओं को वित्तीय मदद जारी रखने के लिए विश्व बैंक की आलोचना की गई।

## आईपीसी, सीआरपीसी, फॉरेंसिक और एविडेंस एक्ट में होगा संशोधन, गृह मंत्री अमित शाह ने किया बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को दिल्ली पुलिस की 76वीं स्थापना दिवस परेड में शामिल हुए। अमित शाह ने दिल्ली पुलिस में शामिल हो रहे 6 मोबाइल फॉरेंसिक गाडिय़ों को भी जनता को समर्पित किया। इस खास मौके पर अमित शाह ने दिल्ली पुलिसकर्मियों को स्थापना दिवस पर बधाई भी दी।



इस मौके पर उन्होंने बड़ा ऐलान किया। अमित शाह ने कहा कि भारतीय दंड संहिता यानी आईपीसी, आपराधिक प्रक्रिया संहिता यानी सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट के कुछ कानूनों में संशोधन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आजादी के पहले पुलिस के काम में सेवा का नाम नहीं होता था, लेकीन अब खूब सेवा भाव है। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के दौरान दिल्ली पुलिस के योगदान की खूब तारीफ हुई। दिल्ली में रहने वाले भारत के नागरिकों को अपने पासपोर्ट के बारे में चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि वे अब 5 दिनों के भीतर पुलिस मंजूरी प्राप्त करेंगे। मोबाइल कैमरे द्वारा पासपोर्ट सेवा का सत्यापन होगा।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारत की कानून और व्यवस्था, सुरक्षा ने 2014 के बाद से सकारात्मक विकास देखा है। इससे पहले कश्मीर में हर दिन विरोध प्रदर्शन, पथराव और आगजनी के लिए एक जगह हुआ करती थी। आज कश्मीर पर्यटकों से भरा हुआ है। देश के नागरिक बहुत सशक्त महसूस करते हैं, जब वे कश्मीर के बारे में सोचते हैं, देश भर में यात्रा करते हैं। वामपंथी राजनीति और उग्रवाद के उदाहरण अब काफी कम हो गए हैं।

## कल कूनो पार्क पहुंचेंगे 12 चीते, आईएएफ का विमान दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क (केएनपी) में 12 चीतों का दूसरा जत्था दक्षिण अफ्रीका से 18 फरवरी को पहुंचेगा। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने गुरुवार को यह जानकारी दी। साउथ अफ्रीका से इन चीतों को लाने के लिए भारतीय वायुसेना का विमान उड़ान भर चुका है। 18 फरवरी को सुबह 10.00 बजे चीतों को लेकर यह विमान ग्वालियर एयरपोर्ट पर लैंड करेगा। इन चीतों के साथ वेटरनरी डॉक्टर और चीता एक्सपर्ट डॉक्टर लारेल उसी विशेष विमान के साथ आएंगी।



वन्यजीव महानिदेशक (डीजी) एसपी यादव ने बताया कि कूनो नेशनल पार्क में लाए गए सभी चीतों ने अपने परिवेश को अच्छी तरह से अपनाया है। उन्होंने कहा कि 'सासा' नाम के चीते को छोडक़र सभी चीते स्वस्थ हैं। एसपी यादव ने आगे कहा, इंडियन एयरफोर्स के सी-17 ग्लोबमास्टर ने देश में 12 चीतों को लाने के लिए आज सुबह हिंडन एयरबेस से दक्षिण अफ्रीका के लिए उड़ान भरी। इंडियन एयरफोर्स इस कार्य के लिए कोई रकम नहीं ले रहा है। 18 फरवरी को केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा कूनो नेशनल पार्क में चीतों को छोड़ा जाएगा।'

परियोजना से जुड़े एक विशेषज्ञ ने बताया कि सात नर और पांच मादा चीते भारतीय वायुसेना के परिवहन विमान से दक्षिण अफ्रीका से हजारों मील दूर भारत में अपने नए घर के लिए यात्रा शुक्रवार शाम को शुरु करेंगे। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीकी चीते सबसे पहले शनिवार सुबह मध्य प्रदेश में ग्वालियर वायु सेना के अड्डे पर पहुंचेंगे और 30 मिनट बाद उन्हें भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टरों द्वारा लगभग 165 किमी दूर श्योपुर जिले के केएनपी पहुंचाया जाएगा।

विशेषज्ञ ने कहा कि दोपहर 12 बजे केएनपी पर उतरने के बाद, उन्हें आधे घंटे के बाद क्वारंटाइन (बाड़ों) में रखा जाएगा। केएनपी के निदेशक उत्तम शर्मा ने कहा कि उन्होंने दक्षिण अफ्रीकी चीतों के लिए 10 बाड़े स्थापित किए हैं। इनमें से दो बाड़ों में दो जोड़ी चीता भाइयों को रखा जाएगा।

**पीएम मोदी के 72वें जन्मदिन पर नामीबिया से लाए गए आठ चीते-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर को अपने 72 वें जन्मदिन पर नामीबिया से लाए गए आठ चीतों (पांच मादा तथा तीन नर) के पहले जत्थे को केएनपी के बाड़ों में छोड़ा था। चीतों का पहला जत्था फिलहाल जंगल में पूरी तरह से खुला छोड़े जाने से पहले बड़े बाड़ों में है। भारत में इस प्रजाति के विलुप्त होने के लगभग सात दशक बाद चीतों को देश में फिर से बसाया जा रहा है। देश में अंतिम चीते की मृत्यु 1947 में वर्तमान छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में हुई थी और इस प्रजाति को 1952 में भारत से विलुप्त घोषित कर दिया गया था।

## स्वरा भास्कर ने समाजवादी पार्टी के नेता फहाद से की शादी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** स्वरा भास्कर ने समाजवादी पार्टी के नेता फहाद अहमद के साथ शादी कर ली है। जानकारी के अनुसार स्वरा ने शादी कोर्ट में की। स्वरा अक्सर अपने राजनीति विचारों को लेकर खबरों में रहती है। लोगों ने शादी की खबर जान कप्पल को शादी की मुबारकबाद भी दी।



बता दें, स्वरा ने शादी 6 जनवरी, 2023 को ही कर ली थी। स्वरा ने कुछ समय पहले अपनी और फहाद की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की थी, पर इस तस्वीर में दोनों के ही चेहरे नहीं दिख रहे थे। लेकिन अब स्वरा ने अपनी जनवरी हुई इस शादी का ऐलान कर दिया है।

स्वरा भास्कर के पति फहाद अहमद समाजवादी पार्टी के युवजन सभा के स्टेट प्रेसिडेंट हैं। दोनों ने 6 जनवरी को स्पेशल मैरेज एक्ट के तहत अपनी शादी रजिस्टर की है।

## साल के अंत तक यमुना का पानी होगा स्वच्छ व निर्मल : दिल्ली जल बोर्ड

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बहुत जल्द यमुना का पानी स्वच्छ और निर्मल नजर आएगा। इस बात की जानकारी दिल्ली जल बोर्ड ने ट्विट कर साझा की है। डीजेबी ने अपने ट्वीट में बताया है कि साल के अंत तक यमुना में दिल्ली के नाले का गंदा पानी गिरना बंद हो जाएगा। गौरतलब है कि लंबे अरसे से यमुना में प्रदूषण को लेकर सवाल खड़े होते रहे हैं, लेकिन अब गंदा पानी बहाने वाले सभी नालों को बंद कर दिया जाएगा। इस पानी को अवजल शोधन संयंत्र (एसटीपी) की ओर मोड़ा जाएगा। दिल्ली सरकार का लक्ष्य दिसंबर 2023 तक यमुना में नालों से गिर रहे गंदे पानी को गिरने से रोकना है। इससे यमुना में प्रदूषण कम करने में मदद भी मिलेगी। इस बारे में दिल्ली सरकार के पर्यावरण विभाग के अधिकारियों द्वारा एलजी विनय सक्सेना को प्रजेंटेशन भी दिया जा चुका है।

दिल्ली जल बोर्ड ने बताया कि मोरी गेट नाले के गंदे पानी को यमुना में गिरने से पहले ट्रीट करने के लिए कोरोनेशन पिलर डब्ल्यूडब्ल्यूटीपी का निर्माण किया गया है। इस प्रोजेक्ट के दूसरे चरण के तहत सीवेज पम्पिंग स्टेशन का निर्माण जारी है। यह काम पूरा होने के बाद मोरी गेट नाले का पानी ट्रीट होगा। यह काम इसी साल पूरा होने की संभावना है। इसका सीधा असर यह होगा कि साल 2023 के अंत तक यमुना में नाले का गंदा पानी गिरना बंद हो जाएगा।

दिल्ली में 35 एसटीपी की उपचार क्षमता 632 एमजीडी है। अभी ये एसटीपी अपनी स्थापित क्षमता का केवल 69 प्रतिशत उपयोग कर रहे हैं। इसका मतलब 768 एमजीडी सीवरेज में से सिर्फ 530 एमजीडी का उपचार किया जा रहा है। जून 2024 तक स्थापित उपचार क्षमता 632 एमजीडी से बढक़र 934.5 एमजीडी हो जाएगी।

हाल ही में यमुना के पानी को स्वच्छ बनाने को लेकर हुई एक बैठक भी हुई थी। और इस बैठक में अधिकारियों ने बताया था दिल्ली में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) दिसंबर तक निर्धारित मानकों के अनुरूप रोजाना 814 मिलियन गैलन अपशिष्ट जल (एमजीडी) का शोधन करने में सक्षम होंगे।



गौरतलब है कि दिल्ली सरकार ने फरवरी 2025 तक यमुना को नहाने के मानकों तक साफ करने का वादा अदालतों और अन्य न्यायिक एजेंसियों से किया है। वादों के मुताबिक यदि बीओडी तीन मिलीग्राम प्रति लीटर से कम है। और घुलित आक्सीजन (डीओ) पांच मिलीग्राम प्रति लीटर से अधिक है, तो नदी को स्नान के लिए उपयुक्त माना जा सकता है। पर्यावरण विभाग द्वारा तय मानकों के अनुरूप उपचारित अपशिष्ट जल में बीओडी (जैविक आक्सीजन मांग) और टीडीएस (कुल घुलनशील ठोस) 10 मिलीग्राम प्रति लीटर से कम होना चाहिए।